

देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 164 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
अनिश्चितता खत्म हुई



# पेज श्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 30 सितंबर 2021



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0°

40243.39

2 तालिबान के हाथ लग सकते हैं परमाणु

7 विराट कोहली के खिलाफ खोला मोर्चा

# छल से उत्तराखंड की भूमि को करना चाहते हैं प्रदूषित

## बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कांग्रेस और आप पर हमला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर 'झूठ व छल' की राजनीति करने व लुभावने वायदे कर 'गायब' हो जाने का आरोप लगाया। उन्होंने उत्तराखंड की जनता का आह्वान किया कि वह ऐसे राजनीतिक दलों से राज्य की पुण्य भूमि को 'प्रदूषित' ना होने दें। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उत्तराखंड में बीजेपी के सभी शक्ति केंद्र संयोजकों एवं प्रभारियों को संबोधित कर रहे नड्डा ने यह दावा भी किया कि पार्टी ने राज्य में एक विकासपरक और जनकल्याणकारी सरकार दी। उन्होंने दावा किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी अपनी नीतियों, केंद्र व प्रदेश सरकारों के विकास कार्यों और कार्यकर्ताओं के समर्पण के दम पर जीत हासिल करेगी।

### विपक्षी दलों को लिया आड़े हाथों

नड्डा ने कोविड महामारी के खिलाफ लड़ाई में केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए विभिन्न कार्यकमों व अभियानों की आलोचना के लिए विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया और आरोप लगाया कि ऐसा करके उन्होंने जनता को गुमराह करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'टीकाकरण अभियान जब आरंभ हुआ तो विपक्ष ने इसका मजाक उड़ाया, लोगों को गुमराह किया, टीकों की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े किए।



### कांग्रेस के न जाने कितने टुकड़े हुए

जे पी नड्डा ने कहा, 'चाहे कांग्रेस हो या वामपंथी दल हों या समाजवादी पार्टी हो या कोई दूसरे क्षेत्रीय दल। यह सब ना जाने कितनी बार टूट चुके हैं। कांग्रेस के न जाने कितने टुकड़े हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस हो या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी या फिर वाईएसआर कांग्रेस ... सभी कांग्रेस से टूटकर बने हैं। वामपंथियों का हाल भी और बुरा है। एक दर्जन से ज्यादा पार्टिया टूटकर बनीं हैं। देश में एकमात्र भाजपा ही है, जो दशकों तक विपक्ष में रहने के बावजूद ना ही टूटी और ना ही बिखरी, बल्कि निरंतर शक्तिशाली होती चली गई क्योंकि हम कार्यकर्ता आधारित पार्टी हैं।'

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, 'आज अन्य दलों के पास मुद्दे खत्म हो गए हैं, इसलिए वह झूठ और छल की राजनीति कर रहे हैं। हमें उनके झूठ व छल से उत्तराखंड की पुण्य भूमि को प्रदूषित नहीं होने देना है। झूठे और लुभावने वायदे और उसके बाद गायब हो जाने वाले लोगों की सच्चाई जनता के बीच लेकर जाना है।' उन्होंने दावा किया कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड में 'अभूतपूर्व' विकास किया है और उससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ हुआ है।

नड्डा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा, 'हमें इन सारी बातों को जनता के बीच लेकर जाना है। हमें बताना है कि भाजपा ने उत्तराखंड को विकासपरक और जनकल्याणकारी सरकार दी है। आगामी चुनाव में भी पार्टी की नीतियां, केंद्र व प्रदेश सरकारों के विकास कार्य और कार्यकर्ताओं के समर्पण के दम पर हम जीतेंगे और आगे बढ़ेंगे।'

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए नड्डा ने आरोप लगाया कि अन्य राजनीतिक दल मानते हैं कि धनबल और बाहुबल से राजनीति संभव है जबकि भाजपा की शक्ति उसके कार्यकर्ताओं में निहित है और इस बात को विरोधी भी मानते हैं कि आज देश में कार्यकर्ता आधारित कोई पार्टी है तो वह भाजपा ही है। भाजपा और अन्य राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच का फर्क बताते हुए नड्डा ने कहा, 'हमें लगातार सफलता मिलती है क्योंकि बाकी सभी राजनीतिक दलों में कार्यकर्ता व्यक्तिनिष्ठ हैं।

### आप तुलना कीजिए कांग्रेस और हमारी सरकारों में

तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसान संगठनों के आंदोलनों का जिक्र करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने किसानों के हित में जितने कदम उठाए, उतने किसी अन्य सरकार ने नहीं उठाए। उन्होंने कहा, 'मैं चुनौती देता हूं... आप तुलना कीजिए कांग्रेस की सरकारों में और हमारी सरकारों में, और बताइए लोगों को कि किसानों के प्रति समर्पित भाव से किसने काम किया। कांग्रेस बताए कि 10 साल के संप्रग शासन में उन्होंने किसानों की भलाई के लिए कितने पैसे खर्च किए? ' उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 10 साल में एक बार किसानों का कर्ज माफ किया और उसमें भी घोटाले की खबरें सामने आई।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमाओं पर सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान की वापसी के बाद जम्मू–कश्मीर और पश्चिमी सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा की कड़ी स्थिति के बीच खुफिया एजेंसियों ने सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी है जिसमें सुझाव दिया गया है कि सुरक्षा कर्मियों को संवेदनशील स्थानों खास कर सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न सोशल मीडिया साइटों का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

### सावधानी पूर्वक मनाएं त्यौहार: डा वीके पाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामले लगातार कम हो रहे हैं, लेकिन बावजूद इसके सरकार ढील देने के मूड में नहीं है। नीति आयोग के सदस्य डा वीके पाल ने कहा ने कहा कि इस वर्ष सुरक्षित उत्सव कोविड महामारी के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक निर्णायक कारक होगा। सरकार ने कोरोना के मद्देनजर सख्ती दिखाई है।

# कैप्टन की अमित शाह से मुलाकात से पंजाब की सियासत में भूचाल

## कांग्रेस के जी–23 नेताओं से मिल सकते है पूर्व सीएम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

चंडीगढ़। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह गृह मंत्री अमित शाह से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान दौरान अमित शाह ने कैप्टन का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच लगभग 45 मिनट तक बातचीत हुई। इस बीच, सूचना है कि कैप्टन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर सकते हैं। इसके अलावा कांग्रेस के जी–23 नेताओं से भी मिल सकते हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मंगलवार को कहा था कि वह कल बड़ा कदम उठा सकते हैं। ऐसे में उनकी अमित शाह से मुलाकात से पंजाब की सियासत में भूचाल से आ गया है और चर्चा गर्म हो गई है कि क्या वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। माना जा रहा है कि कैप्टन किसान आंदोलन मामले का समाधान कराने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

पंजाब की राजनीति के हिसाब इसे बेहद महत्वपूर्ण घटना बताया जा रहा है। कैप्टन अमरिंदर कल दिल्ली गए थे। तब से ही संभावना जताई जा रही थी कि वह अमित शाह सहित कई अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं से मुलाकात करेंगे। हालांकि तब कैप्टन के मीडिया सलाहकार रवीन ठुकराल ने इसे कयासबाजी करार दिया था। रवीन ठुकराल ने कहा था कि वह दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस को खाली करने के लिए दिल्ली गए हैं।

### फॉर्म में लौटे जी–23 के नेता, निशाने पर गांधी परिवार

पंजाब कांग्रेस प्रमुख के पद से नवजोत सिंह सिद्धू के इस्ध्तीफा देते ही कांग्रेस के कुछ नेताओं का मनोबल सातवें आसमान पर है। इनमें खासतौर से वो नेता हैं जिन्हें सियासी गलियारे में जी–23 के नाम से जाना जाता है। कपिल सिब्बल और मनीष तिवारी उन्हीं नेताओं में शामिल हैं। पंजाब की सियासी पिच पर ये खुलकर बैटिंग करने के लिए उतर पड़े हैं। दोनों नेताओं ने कांग्रेस को आईना दिखाया है। सिब्बल ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति की बैठक बुलाकर इस स्थिति पर चर्चा होनी चाहिए।

फिर बुधवार को सिद्धू ने वीडियो क्लिप जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि वह अपनी आखिरी सांस तक सच के लिए लड़ेंगे। यह लड़ाई उन सिद्धांतों के लिए है जिनसे वह समझौता नहीं करेंगे। सिद्धू ने दो–टूक कहा, यह व्यक्तिगत लड़ाई नहीं बल्कि सिद्धांतों की लड़ाई है। मैं सिद्धांतों से समझौता नहीं करूंगा।

# हम लोगों को मरने के लिए नहीं छोड़ सकते

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। पटाखों से होने वाले प्रदूषण के मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। सर्वोच्च अदालत बुधवार को कहा कि पटाखों को बनाने में जहरीले रसायनों के इस्तेमाल पर सीबीआइ की रिपोर्ट बहुत गंभीर है। हम इस तरह से लोगों को उनके हाल पर मरने के लिए नहीं छोड़ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि प्रथम दृष्टया बेरियम जैसे खतरनाक तत्व का इस्तेमाल घातक है। पटाखों पर लेबल लगाने के मामले में भी अदालत के आदेशों की भी अनदेखी की गई है।

जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एएस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआइ ने जब्त किए गए पटाखों में बेरियम साल्ध्ट जैसे हानिकारक रसायन पाए। हिंदुस्तान फायरवर्क्स और स्टैंडर्ड फायरवर्क्स जैसे निर्माताओं ने भारी मात्रा में बेरियम खरीदा और पटाखों में इस्तेमाल किया। यही नहीं सर्वोच्च अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि सीबीआइ की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की एक प्रति बृहस्पतिवार तक सभी संबंधित वकीलों को उपलब्ध करा दी जाए।

### सख्त



■पटाखों में जहरीले रसायनों के इस्तेमाल पर सुको सख्त

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हर दिन देश में जश्न होता है लेकिन उसके दूसरे पहलुओं पर भी गौर करना होगा। लोगों को इस तरह से मरने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता है। इस मामले में अगली सुनवाई छह अक्टूबर को होगी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआइ और चेन्नई के संयुक्त निदेशक की रिपोर्ट के संबंध में अपना मामला रखने के लिए निर्माताओं को एक और मौका दिया।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# देशवासियों के लिए राहत की खबर

### देश में 194 दिन बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या सबसे कम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोविड–19 के 18,870 नए मामले सामने आने के बाद, देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,37,16,451 हो गई। देश में लगातार दूसरे दिन 20 हजार से कम नए मामले सामने आए। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घट कर 2,82,520 रह गई, जो 194 दिन में सबसे कम है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 378 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,47,751 हो गई। देश में अभी 2,82,520 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.84 प्रतिशत है। यह दर मार्च 2020 के बाद से सबसे कम है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में कुल 9,686 कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.83 प्रतिशत है, जो मार्च 2020 के बाद से सबसे अधिक है। दैनिक संक्रमण दर 1.25 प्रतिशत है, जो पिछले 30 दिनों से तीन प्रतिशत से कम है।